## एक नजर

### दुर्घटना में घायल युवक ने दो साल बाद तोड़ा दम

**उंटारी रोड।** प्रखंड अन्तर्गत लुंबा सतबाहिनी पंचायत के गवरलेटवा गांव निवासी सुदर्शन बैठा के पुत्र प्रदीप कुमार बैठा ने शनिवार को आखरी सांस ली। बता दें कि दो साल पहले बाइक दुर्घटना में वह गिरकर घायल हो जाने से ईलाज के अभाव में शनिवार को उसका निधन हो गया। परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

### मेदिनीनगर में लगेगा तैलिक जाति महाकुंभः रामदास साहू



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी के डंडार खुर्द में देवी मंदिर के प्रांगण में तैलिक साहू समाज ने मिलन समारोह सह वनभोज कर सामाजिक संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ साव ने व संचालन लक्षु साव ने किया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू और विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष ललन साहू ने तैलिक साहू समाज को सशक्त बनाने के लिए भरपूर सहयोग और प्रयास करने का भरोसा दिया। मौके पर रामदास साहू ने समाज की एक जुटता पर बल देते हुए कहा कि मार्च में होली से पहले मेदिनीनगर में जातिय महाकुंभ आयोजन किया जाएगा। जिसमें पलामू प्रमंडल के हजारों लोगों की उपस्थि होंगे।

# बिजली विभाग के कर्मियों का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरसी समेत अन्य पंचायत क्षेत्र के लाइनमैन बच्चन सिंह व करमु सिंह द्वारा ग्रामीणों से रिश्वत लेने का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व बिजली विभाग के जेई व उनके साथ लाइनमैन बच्चन सिंह एवं करमू सिंह द्वारा लोहरसी नौडीहा टू के कई गांव में बिजली मीटर कनेक्शन की जांच की गई थी। जांच के दौरान कमियां पाए जाने के बाद पूरे गांव में बिजली विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज होने को लेकर हड़कंप मच गया था। इसका फायदा उठाकर दोनों लाइनमैन ने मुकदमा नहीं होने का भरोसा दिलवाते हुए ग्रामीणों से 10 हजार रुपए तक की वसूली कर दी, हालांकि कुछ ग्रामीणों ने बड़े ही चतुराई से रिश्वत लेने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर लोड कर दिया। इसके बाद यह वीडियो पूरे सोशल मीडिया में आग की तरह फैल गई। इस संबंध में जब बिजली विभाग के जेई से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने रिंग जाने के बाद भी कॉल रिसीव नहीं किया। वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जा सकता है कि ग्रामीणों से लाइनमैन की बातचीत व पैसे का लेनदेन हो रहा है। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी द्वारा दोनों लाइन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### मंगल दिवस पर होगा भूमि समस्या का निष्पादन

**मोहम्मदगंज।** प्रत्येक मंगलवार पहले की तरह ही मंगल दिवस पर भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाता रहेगा। यह जानकारी बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने शनिवार को शांति समिति की बैठक में कही है। उन्होंने कहा है कि हर मंगलवार को पूर्व से निर्धारित मंगल दिवस पर थाना परिसर में ग्रामीणों की भूमि व अन्य संबधित मामलों का निष्पादन ऑन स्पॉट दोनों पक्षों की सहमति से किया जाता रहेगा। उन्होंने प्रत्येक मंगलवार की बैठक में लोगों को इसके लिए पहुंचने का आग्रह किया।

## न्यूज बॉक्स

### नैक रेटिंग घोटाला में रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति दिल्ली में गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** सीबीआई ने नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) की रेटिंग में हुई घोटाले के सिलसिले में देश भर में 20 ठिकानों पर शनिवार को छापेमारी की। इस दौरान विश्रामपुर स्थित आरसीयू के वीसी समरेंद्र नाथ साहा को भी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस सिलसिल में सीबीआई की टीम ने आरसीयू के वीसी कार्यालय की जांच की। इस संबंध में आरसीयू के रजिस्ट्रार प्रो.डॉ देवाशीष मंडल ने बताया कि जांच के बाद सीबीआई की टीम ने उन्हें लिखित सीजर लिस्ट दिया है। सीबीआई को दो नोट पैड मिला है, जो वीसी के हैंडराइटिंग में था। जिसे सीबीआई की टीम अपने साथ ले गयी है। आरसीयू के वीसी समरेंद्र नाथ साहा पूर्व में नैक के चेयरमैन रह चुके हैं। वहां से सेवानिवृत्त के बाद वह आरसीयू के वीसी बनाये गये थे। नैक के चेयरमैन रहते ग्रेडिंग देने में भारी अनियमितता बरती गयी थी। उसी सिलसिले में सीबीआई की जांच टीम पलामू के विश्रामपुर आरसीयू में जांच करने पहुंची थी।

### पूर्व जिप सदस्य ने प्रवचन कार्यक्रम का फीता काटकर किया उद्घाटन

**उंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के गांव सेमरी में शनिवार की रात्रि सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार सिंह ने दीप जलाकर व फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत मनोज कुमार सिंह ने मां सरस्वती से क्षेत्र वासियों की सुख, समृद्धि व शांति के साथ अमन चैन के लिए लोगों में सदबुद्धि व ज्ञान के लिए प्रार्थना की। कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी हैं। प्रवचनकर्ता नीलम शास्त्री द्वारा ने किया। कार्यक्रम के जरिए सामाजिक समरसता को बल मिलता है। तथा प्रतिस्पर्धा से मेधा और क्षमता का विकास होता है।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरू कला में पांडू झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम एवं राजद के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने सामूहिक रूप से गरीबों के बीच घर घर जाकर कंबल का वितरण किया। मौके पर इरफान आलम ने कहा हमारे गठबंधन की सरकार गरीब असहयों के लिए लगातार काम कर रही है। इसकी प्रेरणा से पांडू प्रखंड के कजरू कला में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है ताकि लोगों को मदद मिल सके।

# पीएमश्री उर्दू मध्य विद्यालय का हाल बेहाल



- स्कूल परिसर में घुसा नाली का पानी
- दुर्गंध से छात्र व शिक्षक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत द्वारा ऐसा नाली बनाया जा रहा है, जो थोड़ी भी नाली जाम होने पर अंदर ही अंदर से रिसाव होकर स्कूल परिसर पूरी तरह घुस जा रहा है। यह मामला है शहर के हुसैनाबाद थाना के सामने पीएम श्री राजकीय कृत उर्दू मध्य विद्यालय का है, जिसका नाली का गंदी पानी व बदबू से हाल बेहाल है। स्कूली बच्चे नाली की गंदी पानी में ईंट रखकर जाते दिख रहे हैं। सड़क किनारे नाली पूरी तरफ जाम है। इससे पता चलता है कि नगर पंचायत द्वारा सफाई कितनी अच्छी से की जाती होगी, जिससे पानी स्कूल परिसर में जा घुसा। सोशल मीडिया में आने के बाद नाली की तत्काल सफाई की गई। बताया जाता है कि इस विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को रेल प्रोजेक्ट के अनुसार 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का विद्यालय में परीक्षा होता है। नाली के गंदे पानी व दुर्गंध से स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के बीमारियां भी हो सकती है। लेकिन यहां के नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मियों को इससे क्या लेना देना। अगर होता तो नालियां साफ होती। उच्च पदाधिकारी इस पर संज्ञान ले तो पूर्ण रूप से शायद इन समस्याओं का समाधान हो सकता है।

### सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडल स्तर पर बैठक

# पूजा में अश्लील गाना व डीजे पर प्रतिबंध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल सभागार में एसडीएम गौरांग महतो ने अनुमंडल के सभी अंचलाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीएम ने सभी अधिकारियों को सरस्वती पूजा को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर आप लोग मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाये, ताकि कोई भी पूजा पंडाल में किसी तरह की घटना दुर्घटना की कोई गुंजाइस ना रहे। उन्होंने शख्त निर्देश देते हुए कहा कि पूजा में अश्लीलता व फुहड़ता का कोई स्थान नही हैं। मुझे सूचना प्राप्त है कि विसर्जन जुलूस में भारी मात्रा में डीजे और अश्लील गाना का प्रयोग किया जाता हैं। उन्होंने अधिकारियों को एक पत्र जारी कर डीजे और अश्लील गाना पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं। मौके पर हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, हैदरनगर एवं मोहम्मद गंज के अंचल व प्रखंड पदाधिकारी समेत हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, सिटी मैनेजर बैठक में मौजूद थे।

# मोहम्मदगंज में भूमि घोटाला की सीएम से जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया गांव में भूमि घोटाले की जांच कराने को मुख्यमंत्री को पत्र दिया गया है। जिसमें अंचल के अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत का आरोप है। कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन राहुल सिंह ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्र देकर जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया है कि भजनिया गांव के खाता संख्या 125, प्लॉट संख्या 1390 और 1557 शुभम सिंह के परिवार के नाम पर दर्ज हैं। इन भूमि के मालिकों ने कभी भी अपनी जमीन किसी से नहीं बेची। इसके बावजूद अंचल कार्यालय के अधिकारियों ने दलालों से मिलकर इस भूमि के दस्तावेजों में फर्जी तरीके से दाखिल खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि इस घोटाले में संलिप्त लोगों ने आपस में मिलकर भूमि के दस्तावेजों की बिक्री दिखाने के लिए 12 और 20 नवंबर 2024 को फर्जी दाखिल खारिज कराने का काम किया है। जिसमें राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार के डिजिटल डोंगल का गलत प्रयोग भी किया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार ने इस डोंगल का दुरुपयोग कर इस कार्य में सहयोग किया है। जिससे सरकारी रिकॉर्ड में गड़बड़ी के साथ भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। इस संबध में राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने कहा कि उनके डिजिटल डोंगल का गलत प्रयोग राजस्व अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार ने किया है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने वरीय अधिकारियों को भी दे दी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अंचल कार्यालय के अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार पर काम के बदले पैसे लेने का मामले का वीडियो वायरल हुआ था। लेकिन प्रशासन ने इसे दबाकर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने इस भूमि घोटाले की शीघ्र जांच व दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग मुख्यमंत्री से की है। जिससे भविष्य में भू स्वामियों का शोषण व दोहन रोका जा सके।

### जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती मनी

**हुसैनाबाद\हैदरनगर।** रविवार को हैदरनगर देवी मंदिर के प्रांगण में बिहार लेलिन बाबू जगदेव प्रसाद की 103 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद क्रांतिकारी राजनेता थे। बिहार विधानसभा के सदस्य थे। वह 1968 में सतीश प्रसाद सिंह मंत्री मंडल में चार दिन के लिए उपमुख्यमंत्री थे। जगदेव प्रसाद व्यक्ति नहीं विचार थे। इन्हें बिहार का लेलिन भी कहा जाता है। है वह शोषित पीड़ित के आवाज थे। मौके पर उद्यानमित्र विश्वनाथ मेहता ,साधुचरण सिंह ,किसान मित्र रामसुंदर प्रसाद मेहता ,अरुण पाण्डेय ,वीरेंद्र सिंह ,सुदर्शन यादव ,प्रदीप कुमार सिंह ,सुदर्शन सिंह ,राकेश मेहता ,गोरख सिंह , शबीर अहमद ,बशीर खान ,नीरज सिंह ,सुजीत कुमार मेहता ,अजय सिंह ,उमेश पाल,अभय कुमार सिंह, जगनारायण मेहता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# उत्तर कोयल परियोजना उवि के अस्तित्व पर संकट




**2027 में बंद होने की स्थिति**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय 2027 में बंद होने के कगार पर है। इस उवि के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहा है। बता दें कि जल संसाधन विभाग से संचालित और 1985 में स्थापित इस विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी एक को छोड़ 2023 के मार्च तक सेवानिवृत्त होते चले गए। अब एक मात्र शिक्षक चंद्रशेखर मेहता भी 2027 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अविभाजित बिहार के जल संसाधन विभाग के बाद 2008 में इसका संचालन झारखंड राज्य के जल संसाधन विभाग के वित्तीय सहायता से किया जाता रहा है। इस दिशा में तत्कालीन जल संसाधन मंत्री और निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह की पहल कारगर साबित हुआ था। जब इसकी स्थापना की गई थी, तब 12 किमी के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं था। इसमें सातवीं से दसवीं कक्षा तक पठन-पाठन हुआ करता था। इसकी क्षमता 500 से अधिक थी। बाद में आसपास के सरकारी मध्य विद्यालयों में आठवीं कक्षा तक पढाई शुरू होने के बाद से क्षमता घटती चली गई। तब इसमें नवीं और दसवीं कक्षा तक पढाई होने लगी है। वर्तमान में इसकी क्षमता 200 से अधिक पर सिमट गई है। इसमें 2025 में जैक आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 158 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें 85 छात्र व 73 छात्राएं शामिल हैं।

### मुखिया की पहल पर जर्जर भवनों का हुआ कायाकल्प

रख रखाव नहीं होने से भवनों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। इसे स्थानीय पंचायत की मुखिया कमला देवी ने गंभीरता से लेते हुए पंचायती राज योजना मद से इसका कायाकल्प करा दिया है। इससे भवनों की रौनक लौट आई है। पास के खेल मैदान का भी मनरेगा के तहत पोटो हो योजना से समतलीकरण करा दिया गया है। बताया गया कि सेवानिवृत्त हेडमास्टर चंद्रबहादुर सिंह ने जलसंसाधन विभाग के अधीन संचालित इंद्रपुरी और वाल्मीकि नगर की तर्ज पर इस विद्यालय के भी शिक्षा विभाग में अधिग्रहण कराने की 2011 से लगातार कोशिश की है। मगर संचिका पर अभी तक गंभीरता से निर्णय नहीं लिया जा सका है। जबकि जलसंसाधन विभाग ने इसके लिए शिक्षा विभाग को अनुशंसा कर दी है। सुनहरे शैक्षणिक अतीत से गुजरे इस विद्यालय के बेहतर भवन, पर्याप्त भूमि और खेल मैदान के मामले में सारी अहर्त्ता पूरी करने के बाद भी इसका अधिग्रहण नहीं होने की स्थिति में इसके अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट को लेकर अभिभावकों ने चिंता जताई है। उन्होंने वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव से इस विद्यालय के अधिग्रहण की दिशा में कारगर कदम उठाने की अपेक्षा की है।

### पंसस व ओपी प्रभारी ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

हुसैनाबाद। प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत में देवरी मेन रोड से बिगन राम के घर तक 15वें वित्त आयोग द्वारा बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार सिंह व देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पंसस ने कहा कि देवरी मेन रोड से विगन राम के घर तक मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। ग्रामीणों की काफी दिनों से मांग थी की मार्ग का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण हो जाने से यहां के आम जनता को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने संवेदक से गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीताराम मेहता,संतोष मेहता,अक्षय सिंह,मनीष सिंह,राजू ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# देश को विकसित करने वाला बजट, सभी का रखा गया ख्याल : कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने आम बजट विकसित भारत की ओर अग्रसर करने वाला बताया है। आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट से सभी वर्गो को लाभ मिलेगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है, जबकि गंभीर बीमारी के लिए उपयोगी दवा पर रियायत भी की गई। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। बजट में झारखंड के पर्यटन स्थलों के साथ गरीब और मजदूर वर्ग का भी ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्ग के लोगों के हित का बजट है। इससे देश तेजी के साथ आगे बढ़ेगा।

## मौसम

### मौसम में बदलाव से ठंड में कमी, मौसमी बीमारियों ने बढाई परेशानी

# बारिश होने से चना और गेहूं की फसलों को मिलेगा फायदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम में अप्रत्याशित रूप से बदलाव महसूस किया जाने लगा है। इससे जाड़े का प्रभाव कम हो गया है। वैसे मौसम बदलाव का साइड इफेक्ट सर्दी, बदन दर्द, हल्की बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के रूप में सामने आई हैं। सबसे ज्यादा राहत पशुपालकों को मिली है। उन्हें पशुओं को ठंड से बचाने को लेकर हो रही परेशानी से छूटकारा मिल गया है। वहीं किसानों की फसलों खासकर, गेहूं के पटवन को लेकर मेहनत करने का काम बढ गया, बताया जाता है। जबकि ऐसे मौसम में पछुआ हवा के बहने से कोहरे के कारण कुम्भलाए अरहर के पौधों में फलियों के लगने की उम्मीद की जाने लगी है। जबकि बारिश होने पर कोहरे से प्रभावित चना की फसल के लिए फायदेमंद साबित होने की बात कही जाती है। बदलते मौसम के साथ आसमान में छिटपुट बादलों को देखते हुए किसानों ने इसकी संभावना जताई है। साथ ही ऐसा होने पर ठंड में मामूली इजाफा की भी बात कही जा रही। कहावत प्रचलित भी है कि चैत के महीने में भी ओढना के लिए कभी किसी को बछिया बेचने की जरूरत पड़ गई थी। अर्थात वैशाख माह से पहले तक कमोबेश ठंड का प्रभाव पड़ता है। जिसमें सिहरन पैदा होता है। यकायक ज्यादा गर्मी का पड़ना भी फसलों व स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है।

# अवैध जान लेवा स्पीड ब्रेकर हादसों का बढ़ा रहा खतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय से दक्षिण हैदरनगर-पतरिया मुख्य पथ के बीच मार्ग में बंशीपुर टोला पर अवैध रुप में जानलेवा स्पीड ब्रेकर बनाए जाने से हादसों को आशंका प्रबल हो गई है। इससे छोटे बड़े वाहनों के सुलभ यातायात की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता नजर आता है। साथ ही पैदल राहगीरों को भी शाम ढलते ही इस पथ से गुजरने में परेशानी है। इन अवैध स्पीड ब्रेकरों की वजह से वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना विवशता होती है। समाजसेवी अंकू सिंह राणा, अरुण कुमार मेहता, मनोज सिंह आदि ने कहा कि। प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे का तुरंत संज्ञान लेकर इन अवैध स्पीड ब्रेकरों को हटाना चाहिए। सड़क सुरक्षा के लिए भी यह कदम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा में सभी वर्ग के लोगों की जिम्मेदारी है।

## अब तक सिर्फ 30 प्रतिशत अपार आईडी जेनरेट डीईओ ने कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सौरभ प्रकाश ने सरकारी विद्यालयों को अपार आईडी जेनरेट करने का कार्य शीघ्र पूरा करने का सख्त निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि 22 जनवरी को जिले के प्रारंभिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों द्वारा अपार आईडी जेनरेट करने की धीमी प्रगति को देखते हुए 698 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के वेतन और मानदेय निकासी पर रोक लगा दी गई थी। उस समय कई विद्यालयों ने एक भी अपार आईडी जेनरेट नहीं किया था। अब तक पूरे जिले में मात्र 30% अपार आईडी ही जेनरेट हो सकी है, जिससे विभाग असंतुष्ट है। जानकारी के अनुसार, पलामू जिले में अब तक कुल 29.64% छात्रों का ही अपार आईडी जेनरेट किया गया है। सबसे अधिक प्रगति पड़वा प्रखंड में हुई है, जहां 9,220 में से 4,403 विद्यार्थियों (47.75%) का अपार आईडी जेनरेट हुआ है। सबसे कम प्रगति नौडीहा बाजार प्रखंड में हुई है, जहां कुल 21,566 विद्यार्थियों में से मात्र 3,245 का आईडी जेनरेट हुआ है, जो कुल का 15.05% ही है।

डीईओ ने विद्यालयों को चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द अपार आईडी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# त्योहारों में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल अभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी सरस्वती पूजा, महाशिवरात्रि, होली, रामनवमी और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को पुलिस केंद्र, पलामू के मैदान में मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का नेतृत्व आईपीएस दिव्यांशु शुक्ला ने किया।



अभ्यास सत्र में पुलिस हस्तक नियम-621 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-148, 149 के तहत दंगा, बलवा और विधि-विरुद्ध जमाव की स्थिति से निपटने की रणनीति पर अभ्यास किया गया। पुलिस ने वाटर कैनन ट्रक, रिओट कंट्रोल व्हीकल, एंबुलेंस, टीजी गन, स्मोक सेल और चिली ग्रेनेड जैसे दंगा-रोधी उपकरणों का उपयोग कर स्थिति नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया।

इस अभ्यास में पुलिस उपाधीक्षक (परी.) राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक (परी.) राजेश यादव, अ.नि.स. नगेंद्र चौधरी और आईआरबी पुलिस केंद्र, पलामू के जवानों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि फरवरी से अप्रैल के बीच सरस्वती पूजा, महाशिवरात्रि, होली और रामनवमी जैसे बड़े त्योहार आते हैं। इन अवसरों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने यह मॉक ड्रिल आयोजित की।

## शहरी जलापूर्ति कार्य से सड़कों की हालत खराब, मरम्मत नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरी जलापूर्ति फेज-2 के तहत निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पाइप बिछाने का कार्य जारी है। इस दौरान पहले से बनी पक्की पीसीसी सड़कें और फेवर ब्लॉक से बने रास्ते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने का कार्य एसआर इंजीनियर सेल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। लेकिन पाइप डालने के बाद सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खोदकर सिर्फ मिट्टी भर दी जा रही है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है।

**बहुप्रतीक्षित है शहरी जलापूर्ति योजना :** करीब 181 करोड़ रुपये की लागत से मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना को झारखंड शहरी विकास निगम (जुडको) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। योजना के तहत शहर के सभी वार्डों को जलापूर्ति पाइपलाइन से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके अंतर्गत छह जलमीनारों का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस योजना से शहर में लंबे समय से चले आ रहे पेयजल संकट के दूर होने की उम्मीद है।

### सड़क पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी एजेंसी की : सहायक नगर आयुक्त

सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि संबंधित एजेंसी को पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में लाने की जिम्मेदारी दी गई है। यदि सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है और इसको लेकर शिकायतें मिलती हैं, तो इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पलामू एसपी ने फुटबॉल प्रतियोगिता के अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन

## फुटबॉल प्रतियोगिता में हो सबकी सहभागिता : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों की स्मृति में स्थानीय पुलिस स्टेडियम में होने वाले अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने फीता काटकर किया। इसके बाद आयोजन समिति की बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा हुई।

जानकारी के मुताबिक, टूर्नामेंट का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर करेंगे, जबकि समापन समारोह में पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने बताया कि नेपाल, दिल्ली, बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड की आठ टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी। साथ ही, दो महिला टीमों के शामिल होने की संभावना है।



यह प्रतियोगिता 16 से 23 फरवरी तक पलामू पुलिस और आयोजन समिति द्वारा आयोजित की जाएगी। मैच रेफरी और अन्य अधिकारी रांची से आएंगे। 22 फरवरी को बंगाल और झारखंड की महिला फुटबॉल टीमों के बीच विशेष मैच होगा।

एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि इस तरह के आयोजन आमतौर पर बड़े शहरों में होते थे, लेकिन पलामू में इसका होना गर्व की बात है। उन्होंने सभी से इसमें सहभागिता की अपील की।

कार्यक्रम में अवर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, विशेष शाखा पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार, पूर्व उपमेयर मंगल सिंह, सुरेंद्र सिंह, विभाकर नारायण पांडेय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन ने टाउन हॉल, मेदिनीनगर में सरस्वती पूजा की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह सह सुर संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर सीओ अमरजीत बल्होत्रा और एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने शिक्षकों को सम्मानित करने के एसोसिएशन के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि अमरजीत बल्होत्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षक और अधिक समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने बताया कि संगठन का उद्देश्य निजी विद्यालयों और शिक्षकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षा और समाज कल्याण के लिए भी कार्य कर रहा है तथा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली छात्रों की सहायता करेगा।

इस अवसर पर पैरा ओलंपिक खिलाड़ी राजेश कुमार मेहता को 11,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का आधार बताया।

समारोह में प्रो. के.के. मिश्रा, कवि एमजे अजहर, ट्रैफिक प्रभारी जमाल अहमद सहित कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया। राम-श्याम बंधु की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर भारती ने किया।

### गिलियन-बैरे सिंड्रोम पर जागरूकता के लिए प्रेस ब्रीफिंग आज

**मेदिनीनगर।** गिलियन-बैरे सिंड्रोम के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसके संक्रमण, लक्षण, संकेत, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रेस ब्रीफिंग आयोजित की जा रही है।

**कार्यक्रम विवरण**

**स्थल :** गोलघर, एमएमसीएच, पलामू। **समय :** दोपहर 12:30 बजे, अस्पताल सूत्रों के अनुसार, झारखंड सहित पूरे देश में यह बीमारी फैल रही है, जिसके मद्देनजर जागरूकता और सावधानी बरतना आवश्यक है। गिलियन-बैरे सिंड्रोम अपनी गंभीरता के कारण सेहत के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। इससे प्रभावित अधिकतर मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। बहुत कम समय में ही ये बीमारी देश के कई राज्यों में बढ़ गई है।

### विशुन एनआईए का था सरकारी गवाह

## सड़क निर्माण के एवज में नक्सलियों ने मांगी थी लेवी



मृतक भुनेश्वर साहू का फाइल फोटो

**नवीन मेल संवददाता**

**चतरा/टंडवा।** मृतक भुनेश्वर साहू उर्फ विशुन साव टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना में हुए टेरर फंडिंग से संबंधित टंडवा थाना व एनआईए के कांड का सरकारी गवाह था। इसके कारण तत्कालीन क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम किए हुए टीएसपीसी नामक नक्सली संगठन के भी रडार पर था। ऐसे में संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है कि उक्त मामले में विशुन के सरकारी गवाह बनने के कारण संगठन के शीर्ष के लोग नाराज चल रहे थे। मृतक विशुन साव के सहयोगी रहे महावीर प्रसाद के अनुसार वह पूर्व से ही नक्सलियों के रडार पर था। हाल ही के दिनों में उससे सड़क निर्माण के एवज में मोहन गंझू नामक नक्सली द्वारा लेवी की मांग की गई थी। जिसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। सहयोगी महावीर ने बताया कि स्थानीय तौर पर हो रहे राजनीतिक षड्यंत्र का लाभ उठाकर टीएसपीसी नक्सलियों ने ही घटना को अंजाम दिया होगा। उन्होंने भावुक शब्दों में पुलिस से मामले में गहनता से जांच पड़ताल कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## कचरवा डैम : सौंदर्यीकरण की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 5 और 6 में स्थित कचरवा डैम में इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण पानी भरपूर है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के पक्षियों के कलरव से इसकी सुंदरता और भी बढ़ गई है। यह स्थान अब परिवार के साथ सुकून भरे पल बिताने के लिए आकर्षक बनता जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञ के अनुसार, इस डैम में विभिन्न स्थानीय पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें मुख्य रूप से लेसर विसलिंग डक और घोंघिल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लेसर विसलिंग डक की उपस्थिति इस डैम के अच्छे पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण है। यह पक्षी उड़ते समय सिटी जैसी आवाज निकालते हैं और झुंड में होने पर लोगों को आकर्षित करते हैं। वहीं, ओपन बिल स्टार्क (घोंघिल) अकेले रहना पसंद करता है।

**सौंदर्यीकरण कार्य में देरी :** अमृत योजना के तहत कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई थी, लेकिन अब तक यह कार्य शुरू नहीं हुआ है। नगर निगम के अनुसार, पिछले वर्ष बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने से कार्य में देरी हुई है। शहरवासियों का मानना है कि कचरवा डैम का विकास होने से स्थानीय लोगों को परिवार के साथ घूमने और समय बिताने के लिए एक बेहतर विकल्प मिलेगा। वर्तमान में लोग पिकनिक मनाने के लिए बेतला नेशनल पार्क या केचकी संगम जाने को मजबूर हैं। अगर डैम को प्रस्तावित योजना के तहत विकसित किया जाता है, तो यह एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है। बीते जुलाई में स्थानीय विधायक विष्णु दयाल राम और आलोक कुमार चौरसिया ने 9.75 करोड़ की लागत से डैम के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया था। लेकिन छह महीने बीत जाने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ, जिससे लोगों में निराशा है। शहरवासियों की मांग है कि इस डैम का सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द किया जाए ताकि लोगों को शांति और प्रकृति के बीच समय बिताने का अवसर मिले। इससे बच्चों और बड़ों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## पांकी में 10 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल नष्ट, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम हेडुम और रानादह में अवैध अफीम (पोस्ता) की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के तहत करीब 10 एकड़ भूमि में उगाई गई अवैध फसल को नष्ट किया गया।

कार्रवाई पांकी पुलिस, वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इस दौरान पूरी फसल को जड़ से उखाड़कर खत्म कर दिया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा। मामले में अज्ञात अथवा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है, और आगे की जांच जारी है।



### मनातू में 10 एकड़ में अवैध अफीम की फसल नष्ट, कार्रवाई जारी

**मनातू।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम केदल स्थित वन भूमि में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। मनातू पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर और रोटावेटर की मदद से करीब 10 एकड़ में लगी इस अवैध फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल और वन विभाग की देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी भी तरह की अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

### स्कूल में वार्षिकोत्सव व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## छात्रों को प्रोत्साहित करें अभिभावक, न बनाएं मानसिक दबाव : सुलोचना मीणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सदर एसडीएम सुलोचना मीणा (आईएएस) उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि सुलोचना मीणा ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए अभिभावकों से बच्चों को प्रोत्साहित करने और मानसिक दबाव न बनाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को अपनी उपलब्धियों को संजोने और कौशल निखारने का संदेश दिया।



इस अवसर पर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनमें एआई रनिंग कार, डीएनए डिस्प्ले, एसिड रेन, वाटर प्यूरिफायर, जलियांवाला बाग, नया संसद भवन आदि प्रमुख थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिषासुर मर्दिनी, स्वच्छ भारत, सालसा, भांगड़ा, कव्वाली, हिंदी नाटक 'लाडो आना इस देश में' जैसी प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

डॉ. जीएन खान ने कहा कि यह आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व एवं अकादमिक विकास का आईना है। विद्यालय के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्राप्त होते हैं।

कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं प्राचार्यगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सरस्वती पूजा आज, तैयारियां पूरी

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में सरस्वती पूजा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार से ही पूजा पंडालों में भक्ति गीतों का बजना शुरू हो गया है। शहर के आबादगंज, सुदना, हमीदगंज, नवाटोली, रेड़मा और बैरिया सहित विभिन्न इलाकों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। रविवार को भी कई कमेटियों द्वारा प्रतिमा स्थापना का कार्य किया गया।

**पूरे दिन हो सकेगी पूजा :** शास्त्रों के अनुसार, माघ शुक्ल पंचमी को मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक पूजा करने से ज्ञान, विद्या और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उदया तिथि होने के कारण पूरे दिन पूजा-अर्चना संभव है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री ने बजट पर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## समावेशी बजट से विपक्ष को नहीं मिला सवाल उठाने का मौका : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने परिसदन में केंद्र सरकार के बजट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट समावेशी है, जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह बजट देश के आम नागरिकों, इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, सड़क निर्माण और हवाई अड्डों के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।



उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, महिला और वंचित वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख तक की आय पर कर छूट से राहत मिलेगी, वहीं सरकारी कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए बजट बढ़ाने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना और महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को भी मजबूती मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने के साथ सीटें बढ़ाने का भी प्रावधान किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने और हर परिवार को पक्की छत देने की योजना शामिल है।

उन्होंने कहा कि बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना और असम में यूरिया फैक्ट्री जैसे कदम दिखाते हैं कि मोदी सरकार बिना भेदभाव के विकास कर रही है। झारखंड और पलामू को भी केसीसी लाभ, मध्यम वर्ग के लिए कर छूट और दालों के न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास योजना का बजट बढ़ाकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अविनाश वर्मा, मनोहर कुमार लाली, मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा, श्रवण गुप्ता, श्वेतांक गर्ग और प्रेमजीत कुमार उपस्थित रहे।

## हथियारबंद अपराधियों ने मां को बंधक बना बेटे को किया अगवा

# अधेड़ की धारदार हथियार से की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र में हथियारबंद अपराधियों ने रविवार को एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर पुलिस को चुनौती दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधियों ने लेंबुआ गांव निवासी भुनेश्वर साहू उर्फ बिसुन साव पिता फागू साव का अपहरण उसकी मां शीतली देवी को पेड़ से बांधकर पास के जंगल में लेजाकर हत्या कर दिया। इससे पूरे क्षेत्र में दहशत का मौहाल है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने पदमपुर के जंगलों में सर्च अभियान चलाना शुरू किया। वहां बिशुन साव के पाही स्थित घर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित धमधमिया जंगल के पहाड़ी पर धड़ से कटा शव को बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार बिशुन के माता-पिता पदमपुर के पाही वाले घर पर रहते थे। मृतक हर रोज सुबह-शाम अपने मवेशियों के देखभाल को लेकर जाता था। रविवार अहले सुबह भी मृतक अपने पाही वाले घर पहुंचा और मवेशियों को खोलकर अपनी मां के साथ जंगल पहुंचाने जा रहा था। इस दौरान घात लगाए हथियारबंद नक्सलियों ने अगवा कर लिया। इसके बाद नक्सलियों ने उसकी मां शीतली देवी को घर के समीप पेड़ में बंधक बनाकर विशुन साव को टंडवा-बालूमाथ सीमांत पर स्थित धमधमिया जंगल में ले जाकर गला रेतकर हत्या को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं लंबे समय के बाद कथित नक्शलियों ने हत्या की घटना को अंजाम देकर कोयलांचल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। घटना के बाद डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम द्वारा मामले के उद्वेदन को लेकर फिंगरप्रिंट एवं हर संभावित पहलुओं की गहनता से जांच भी की गई। घटना स्थल पर एसपी विकास कुमार पांडेय दलबल के साथ पहुंचकर घटना की जानकारी ली और अपने नेतृत्व में हर पहलुओं की जांच करवाई।



### अपराधियों के तह तक जल्द पहुंचेगी पुलिस : एसपी

**टंडवा (चतरा)।** घटना के बाद जिले के एसपी विकास कुमार पांडेय व एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार सहित वरीय पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना का जायजा लेते हुए पदाधिकारियों संग घटना के हर संभावित पहलुओं की जांच की। एसपी ने मीडिया से बात करते हुए घटना को आपराधिक बताया है। उन्होंने कहा कि जिन अपराधियों द्वारा विष्णु का अपहरण किया गया था वह नकाब पहने हुए थे। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली अथवा उग्रवादी घटना को अंजाम देते तो वह अपना चेहरा नहीं छुपाते।

### अपनी बेटी के लिए वर देखने जाने वाला था विशुन

**टंडवा (चतरा)।** मृतक विशुन साव टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लेबुआ गांव में अपने पाही स्थित घर से आवश्यक कार्य को निपटा कर रविवार को अपनी छोटी बेटी के हाथ पीले करने को लेकर वर (लड़का) देखने के लिए निकलने वाला था। परन्तु इसे पूर्व अपराधियों ने उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। बताया गया कि मृतक दो पुत्र व दो पुत्री का पिता था। जिसमे एक बेटी की शादी पूर्व में हो चुकी थी। विशुन साव के मृत्यु के बाद बड़ी पारिवारिक जिमेवारी उसके पत्नी के कंधो पर आ पड़ी है।

### विधायक ने की घटना की निंदा

**टंडवा (चतरा)।** विशुन साव की हत्या के बाद सियासी पारा भी तेज हो गया है। विधानसभा क्षेत्र के विधायक उज्जवल दास ने भी घटना के बाद मौके पर पहुंच कर घटना की निंदा करते हुए राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विशुन की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राज्य में लॉ एंड ऑर्डर फेल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार के राज्य में हत्या, बलात्कार और लूट की घटना आम हो गई है। विधायक ने पुलिस से अविलंब मामले पर कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाने की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### अवधि विस्तार नहीं होने से कई वन क्षेत्र रेंजर विहीन

**महुआडांड़।** महुआडांड़, गारू प्रखंड व आसपास के वन क्षेत्र की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। एक ओर जहां वन विभाग में कर्मियों व पदाधिकारी की कमी है। हाल ही में रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया जाना था, जो नहीं किया गया जिसके कारण कई वन क्षेत्र रेंजर विहीन हो चुके हैं। जिससे वनों एवं वन्य जीवों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। विभाग में 3 साल के लिए रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया जाना था। प्रत्येक वर्ष एक-एक साल के लिए अवधि विस्तार करना था। वर्ष 2024 में सेवानिवृत होने वाले रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया गया था, लेकिन वर्ष 2025 में अवधि विस्तार नहीं किया गया है। जिससे महुआडांड़ अनुमंडल क्षेत्र के तीन प्रमुख पीटीआर महुआडांड, बारेसाढ़, गारू पश्चिम के रेंजर तरुण सिंह सेवानिवृत हो चुके हैं। लेकिन इन वन क्षेत्र में किसी भी नए रेंजर की नियुक्ति नहीं की गई है। गर्मियों में विशेष रूप से जंगलों की सुरक्षा का दायित्व बढ़ जाता है। ऐसे में अधिकारियों की अनुपस्थिति में वनों के दोहन का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है।

### छात्रों की पढ़ाई में मार्गदर्शक बनेगा कोचिंग सेंटर : दीपक



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकला में हिंडालको चकला कोल माइंस के द्वारा शिक्षा का दीप जलाने का प्रयास किया जा रहा है। हिंडालको कंपनी ने अपने सामाजिक सरोकार नीति के तहत चकला ग्राम में कोचिंग सेंटर की शुरूआत कर 9 व 10 वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की शुरूआत की है। इस बाबत कंपनी के यूनिट हेड दीपक लंका ने बताया कि बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर कंपनी का यह छोटा सा प्रयास है। कंपनी का उद्देश्य है कि बच्चे बेहतर शिक्षा पाकर अच्छे नंबर के साथ परीक्षा पास करें तथा अपने गांव शहर का नाम रोशन करें। कंपनी के एचआर प्रमुख प्रकाश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी बच्चों की कमी नहीं है। उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की आवश्यकता है, जिसे लेकर कंपनी ने प्रयासरत है। बच्चों को आने वाले समय में उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा देने का काम भी हिंडालको कोल माइंस करेगा। सीएसआर के अनुनय कुमार ने बच्चों के बेहतर शिक्षा को लेकर कहा कि हमारा सदैव प्रयास रहा है कि गांव के बच्चे मैट्रिक परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण हो,ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई में किसी प्रकार का कठिनाई न हो।

### घर में आग लगने से एक लाख का नुकसान



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के सांसग पंचायत के तूरी टोला ग्राम में शनिवार की रात हरिमन तूरी के खपरैल मकान में अचानक आग लग गयी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि किसी ने उनके घर में जानबूझ कर आग लगायी है। अगलगी में हरिमन तूरी के खपरैल मकान का एक हिस्सा पूरी तरह जल गया। उन्होंने बताया कि इस अगलगी में तकरीबन एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घर के लोग खाना खा कर सोये थे। इस दौरान रात 11:30 बजे घर से धुंआ निकलने लगा। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन कर आस पास के लोग जमा हो गये। आग अगन में उसके पिता फंस गये थे, लोगों की मदद से उन्हें घर से निकाला गया। उन्हें हल्की चोट भी लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता को जान मारने की नीयत से घर में आग लगायी गयी है। कहा कि अगर समय रहते उन्हें नहीं निकाला जाता तो कुछ भी अनहोनी हो जाती।

### मनरेगा कार्यशाला में मजदूरों को मिली अधिकारों की जानकारी



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के तरवागड़ा पंचायत सचिवालय में रविवार को दिलीप कुमार दास की अध्यक्षता में मनरेगा सप्ताह पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बैनर तले आयोजित कार्यशाला में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं एवं मनरेगा से मजदूरों को मिलने वाले रोजगार संबंधी जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। कार्यशाला में इच्छुक मजदूरों का जॉब कार्ड निर्गत करना, निजी लाभ की योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करना, पुराने जॉब कार्डधारी के सत्यापन के लिए मजदूरों का खाता एवं फोटो प्राप्त करना, मनरेगा में इच्छुक मजदूरों का मांग पत्र प्राप्त करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से पंचायत रोजगार सेवक, मजदूर शिवभजन भुईयां, रूबी देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

## मगध कोलियरी से लाया जा रहा अवैध कोयला जब्त

● ईंट भट्ठा में गिराया जाना था कोयला

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में चल रही अवैध खनन, उत्खनन, भंडारण, परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला खनन टॉस्क फोर्स की टीम ने शनिवार की रात्रि 11 बजे सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा से सबानो जाने वाली सड़क में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोयला लदा एक ट्रक आता दिखाई दिया। ट्रक को रोका गया तो पाया गया उसमें कोयला लदा है। ट्रक चालक से कोयला संबंधित कागजात की मांग की गयी, लेकिन चालक किसी तरह की कोयला संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने बताया कि बालूमाथ के मगध परियोजना से अवैध रूप से कोयला लाया जा रहा है, और इसे आसपास के ईंट भट्ट में गिराया जाना था। अवैध कोयला लदा ट्रक को जब्त कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इस मामले में खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार ने चालक, ट्रक मालिक व ईंट भट्ठा समेत अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।



### अवैध खनन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी : उपायुक्त

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### अवैध खनन करने वाले नपेंगे : डीएमओ

जिला खनन पदाधिकारी मो. नदीम शफी ने कहा जिले में अवैध खनन,परिवहन भंडारण करने वाले किसी भी कीमत में बख्शे नहीं जाएगें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर विभाग की पूरी नजर है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## जिप अध्यक्ष ने पंसस और मुखिया के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने रविवार को पथ निर्माण विश्रामागार में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। आमजन के समस्याओं के समाधान करने में हो रही कठिनाइयों से अवगत हुई। बैठक में बताया गया कि मनरेगा योजना में लूट, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, पंचायतीराज व्यवस्था, मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास लाभुकों के चयन में मनमानी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिप अध्यक्ष ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था पंचायत और गांव में नहीं दिखाई देता है। पंचायत एक्ट से हटकर पंचायती राज व्यवस्था चल रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को संगठित होने पर बल दिया गया। जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि संगठित नहीं होने के कारण हम लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। इसके विरुद्ध संघर्ष करने की जरूरत है। बैठक मे प्रमुख मनीषा उरांव,उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, बुधन गंझु, शंकर गंझु, मनोहर भगत, अनुरोध कुजूर, बलकु मुंडा, सुशीला टोपनो, अनिता देवी, संगीता देवी, राजू उरांव, अशोक भुइयां, करण लोहरा, संदीप टोप्पो समेत कई लोग मौजूद थे।

## चाहरदीवारी तोड़ा, हाथी ने किसान को पटकर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक चरम सीमा पर है। लगातार उत्पात मचाते हुए घरों को हाथी क्षति पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। बीती रात साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम मे सिधेश्वर मिस्त्री पिता बालो मिस्त्री का चाहरदीवारी तोड़फोड़ कर दरवाजा को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही 5 क्विंटल आलू खा गया। इससे किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जबरा निवासी गणेश भुइयां का भी आलू फसल खाकर चट कर दिया। विश्रामपुर स्थित जंगल किनारे उगन भुइयां का घर को ध्वस्त कर दिया। लगातार हाथी द्वारा उत्पात कर आम जनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फूलसु पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय मतकोमा में भी दरवाजा, खिड़की तोड़कर चावल खाकर बर्वाद कर दिया। इसकी सूचना शिक्षक विजय कुमार राम ने संबंधित विभाग को दे दिया है। सरसों के खेत में पटवन कर रहे एक किसान को दो हाथी ने अपने सूंड मे लपेट कर दूर फेंका दिया। इससे किसान घायल हो गया। वहीं सालवे ग्राम निवासी गोपाल गंझू पिता स्व रति गंझू ने शाम को जंगली हाथियों के चंगुल से बाल बाल बचे। मौजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से हाथियों को भगाया। वहां से हाथियो के गुजर जाने के बाद परिजनों के सहयोग से उसे बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉ. धुर्व सत्य कुमार महतो ने घायल का प्राथमिक इलाज किया। इस घटना से गोपाल गंझू सहित क्षेत्र के ग्रामीणों में भय व्याप्त हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को क्षेत्र से अविलंब हटाने की मांग की है।

## गुरु आश्रम के बच्चों ने की मां सरस्वती की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के हारा गांव में वर्षों से शिक्षा का अलख जगा रहे गुरु आश्रम परिसर में रविवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर बच्चों ने विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस स्वाध्याय केंद्र में 100 बच्चे ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करते हैं। बच्चों को मां सरस्वती की पूजा रासबिहारी पाठक पांडेय ने कराई। ज्ञात हो कि गुरु आश्रम एक स्वाध्याय केंद्र है, जहां गांव देहात के सामान्य एवं निर्धन घर के बच्चे ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा ग्रहण करते हैं। बच्चों को इस आश्रम में तीन एलसीडी टीवी, लैपटॉप और मोबाइल की सुविधा देते हुए उपलब्ध करा रहे है। इस केंद्र में कक्षा 1 से लेकर 10 तक के बच्चों को विद्यालय के समय सारणी के बाद यानी सुबह शाम या ऑनलाइन की शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। वर्ग 1 और उससे ऊपर कक्षा के बच्चों को मोबाइल, लैपटॉप व एलसीडी के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा देने और बच्चों में गुणात्मक शिक्षा का स्तर बढ़ाना अनूठा प्रयोग व प्रयास है।



ऑनलाइन की शिक्षा अमित कुमार

### सरस्वती पूजा में आर्केस्ट्रा डांस, वीडियो वायरल

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के मीरपुर पंचायत अंतर्गत खरौना स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर रंगारंग कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा डांस का आयोजन किया गया। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश यादव ने रविवार को बताया कि कुछ मनचलों युवको के द्वारा महिला नर्तकी द्वारा अश्लील डांस करवाया गया था। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर बाउंड्री नहीं रहने से मनचलों के द्वारा ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के कोई भी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं थी। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

## मनरेगा दिवस पर जागरूकता रैली और सम्मेलन, मजदूरों के हक की उठी आवाज

नवीन मेल संवाददाता

**मनिका।** 19वें मनरेगा दिवस के अवसर पर ग्राम स्वराज्य मजदूर संघ और नरेगा सहायता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रैली और जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। रैली मनिका हाई स्कूल से शुरू होकर प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची, जहां यह सम्मेलन में तब्दील हो गई। रैली में मनिका के विभिन्न गांवों से सैकड़ों मनरेगा मजदूर ढोल-नगाड़े और मनरेगा से संबंधित तख्तियों के साथ शामिल हुए। उन्होंने 'हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' के नारों के साथ अपनी मांगें बुलंद कीं।




### सम्मेलन में उठी मजदूरों की समस्याएं

मनरेगा जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेगा वॉच के राज्य संयोजक जेम्स हेरेंज ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लागू हुए 19 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और इन वर्षों में इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियां बनी हैं। कई मजदूर परिवारों ने इससे कुएं, तालाब, आम बागवानी, पशु शेड जैसी संपत्तियां निर्मित कर लाभ उठाया है, जिससे वे दूसरी और तीसरी फसलें उगाने लगे हैं।

हालांकि, उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में तकनीकी जटिलताओं, मजदूरी दर में गिरावट, मनरेगा बजट में कटौती और ग्राम पंचायतों की संवेदनहीनता के कारण मजदूरों की परेशानियां बढ़ी हैं। उन्होंने सरकार से नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम, आधार आधारित भुगतान प्रणाली और ड्रोन से निगरानी जैसी तकनीकी बाधाओं को खत्म करने की मांग की। ग्राम स्वराज्य मजदूर संघ के भूखन सिंह ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के लिए सबसे महत्वपूर्ण कानून है, लेकिन यह विचौलियों और तकनीकी जटिलताओं की गिरफ्त में चला गया है, जिससे इसे बचाने के लिए संघर्ष की जरूरत है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 800 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की ताकि मजदूरों को सम्मानजनक वेतन मिल सके। दिलीप रजक ने कहा कि मनरेगा योजनाओं को ग्राम सभा की सहमति से वन भूमि पर लागू किया जाए, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ आजीविका का भी लाभ मिल सके। ग्राम स्वराज्य मजदूर संघ की महिला नेत्री सुखमनी देवी ने मांग की कि मनरेगा में सभी योजनाओं के लिए कार्य आदेश जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए जाएं, और प्रत्येक पंचायत भवन में प्रति सप्ताह सोमवार और गुरुवार को रोजगार दिवस आयोजित किया जाए, ताकि मजदूरों को काम के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

### 300 दिन रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी की मांग

नेशनल कैंपेन दलित ह्यूमन राइट्स के राज्य संयोजक मिथिलेश कुमार ने कहा कि एकल महिला, एकल पुरुष और दिव्यांग परिवारों को प्रति वर्ष 300 दिन रोजगार की गारंटी मिलनी चाहिए। साथ ही, सभी मनरेगा मजदूरों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के क्रियान्वयन में मजदूरों को काम देना, समय पर मजदूरी भुगतान करना, लंबित बेरोजगारी भत्ता चुकाना, नियमित सोशल ऑडिट कराना और शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा बजट में लगातार की जा रही कटौती की आलोचना की, जिससे दलित और आदिवासी समुदाय के मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। नरेगा सहायता केंद्र के पचाठी सिंह ने कहा कि जो मजदूर साल में 100 दिन का रोजगार पूरा कर लेते हैं, उन्हें राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त 50 दिन रोजगार दिया जाए। उन्होंने मांग की कि पिछले वर्षों में अनधिकृत रूप से रद्द किए गए जॉब कार्डों को पुनः बहाल किया जाए। सामाजिक अंकेक्षण इकाई की अश्रिता तिर्की ने कहा कि मनरेगा योजनाओं की सही प्लानिंग ग्राम सभा के माध्यम से होनी चाहिए, और इसके बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्मेलन को सीमा देवी, पल्लवी कुमारी, महावीर परहिया, कोमल सिंह, बिनेश्वर सिंह, कविता देवी, पानपती देवी, ननकू सिंह, दीपू सिंह, बबलू चौधरी, श्रीराम प्रजापति समेत दर्जनों मनरेगा मजदूरों और कार्यकताओं ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज्य मजदूर संघ मनरेगा में बढ़ती दलाली और तकनीकी जटिलताओं का पुरजोर विरोध करेगा। सम्मेलन में मनोज सिंह ने 'रोजी-रोटी हमर अधिकार' गीत प्रस्तुत कर मजदूरों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्यामा सिंह और लालबिहारी सिंह ने किया।


## शपथ पत्र

मैं काजल कुमारी, पिता अजय चौधरी ग्राम- राजी कुसुम्हरा, पोस्ट- दरूआ, थाना- हुसैनाबाद, जिला-पलामू (झारखंड) का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 489701811702 में पुकारू नाम गुंजा कुमारी दर्ज है, जो आधार कार्ड बनाते समय गलती से प्रविष्ट करा दिया गया था। जबकि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम काजल कुमारी, पिता अजय चौधरी दर्ज है, जो सही है। गुंजा कुमारी और काजल कुमारी दोनों नाम मेरा ही है। यह शपथ पत्र मैं भविष्य में सिर्फ काजल कुमारी के नाम से जाने पहचाने जाने के निश्चित कर रही हूं।

शपथ पत्र संख्या : 112 दिनांक : 1/02/2025

